an>

title: Demands to provide reservation to Maratha community.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपर्डी गांव में मराठा समाज की गरीब लड़की पर हुए अत्याचार के विरोध में और मराठा समाज को आरक्षण दिए जाने के बारे में 9 अगस्त, 2016 से शुरू हुआ मराठा मोर्चा महाराष्ट्र के सभी शहरों में शांतिपूर्वक रूप से निकाले जा रहे हैं। इसमें ज्यादा संख्या में महिलाएं, नौजवान, लड़के एवं लड़कियां सहभागी होते हैं और दूसरी जातियों के ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया जाता। आज तक महाराष्ट्र में ऐसे 46 मोर्चे निकाले गए हैं, महाराष्ट्र से बाहर अन्य राज्यों में पांच मोर्चे निकाले गए हैं। मध्य प्रदेश और कर्नाटक राज्य में भी ऐसे मोर्चे निकाले गए हैं। इसके अलावा, विदेशों में मास्को, नीदरलैंड, दुबई एवं न्यूयार्क, अमेरिका में भी मोर्चे निकाले गए।

महाराष्ट्र में इतनी बड़ी संख्या में मराठा समाज है, करीब सात करोड़ से ज्यादा मराठा समाज के लोग हैं, लेकिन आज तक केन्द्र और राज्य सरकार ने इस बारे में कोई दखल नहीं दिया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से विनती करता हूं कि महाराष्ट्र के मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए जल्दी से जल्दी कदम उठाए जाएं।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री अरविंद सावंत,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री विनायक भाऊराव राऊत एवं

श्री राजन विचारे को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।